HAMIRPUR POLICE

मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के क्रम में कार्यशाला का आयोजन कर महिला/छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक किया गया।

आज दिनांक 28/05/2023 को मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के क्रम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना एवं उनकी टीम द्वारा थाना कोतवाली सदर अंतर्गत(शहनाई गेस्ट हाउस) एवं थाना सुमेरपुर अंतर्गत(फैक्ट्री एरिया) में कार्यशाला का आयोजन कर महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। महिला थाना प्रभारी द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना/ एण्टी रोमियों टीम व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। आप की वार्ता को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया साथ ही सभी बालिकाओं/ महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/ सहायता हेतु महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया।

मिशन शक्ति फेज - IV
खुल के बोलो
112
1098
1930

मिशन शक्ति फेज - IV
चुप्पी तोड़ो